चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– आर० ओ०/1009/ दिनांक :– 12.06.2026

कार्यालय आदेश

राज्यपाल महोदया की प्रेरणा एवं कुलपति महोदया के आदेशानुसार गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में स्वामी कर्मवीर जी के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह योग शिविर 15 जून, 2026, सोमवार से 21 जून, 2026, रविवार तक प्रतिदिन प्रातः 5.00 बजे से 7.00 बजे तक रहेगा। इस शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं के अतिरिक्त शहर के गणमान्य नागरिक एवं मेरठ के जनप्रतिनिधि भी योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए शामिल होंगे।

माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा इस वर्ष योग दिवस की थीम है "Yoga for Healthy Ageing" अर्थात **"स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग"**। माननीय प्रधानमंत्री महोदय योग द्वारा संदेश देना चाहते हैं कि यदि सभी नागरिक योग को दिनचर्या का भाग बना लेते हैं तो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं। योगाभ्यास के द्वारा बढ़ती उम्र के साथ आने वाली बिमारियों और परेशानियों को रोका जा सकता है। एकाकी एवं आधुनिक जीवन में आने वाली व्याधियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और वात रोगों से बचने के लिए भी योगाभ्यास बहुत महत्वपूर्ण है।

उक्त के क्रम में आप सभी से अनुरोध है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर स्वामी कर्मवीर जी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग दिवस में दिनांक 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 05 बजे से 07 बजे तक शामिल होने का का कष्ट करें।

12/6/26

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03 कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि विभाग के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को दिनांक 15 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग शिविर में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
05. पुस्तकालयाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. वित्त अधिकारी महोदय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. परीक्षा नियत्रंक महोदय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. उपकुलसचिव/समस्त सहायक कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
09. विश्वविद्यालय अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. चिकित्साधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. समस्त कर्मचारीगण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. सम्बन्धित पत्रावली।

12/6/26

कुलसचिव